देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका

शानदार 31वां वर्ष

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

अगस्त-2024 न्यूज़ मैग्जीन मूल्य ₹25



पेरिस ओलंपिक विशेषांक-अंतिम




स्टार पोस्टर मनु भाकर

**पेरिस में खूब चमकी मनु भाकर**

**स्वप्निल ने पेरिस में रच दिया इतिहास**

**ओलंपिक में दूसरी बार कामयाब नीरज चोपड़ा**

**अमन ने खेला कुश्ती में बड़ा दांव**

**सरबजोत ने भी पदक जीत सभी का दिल जीता**

## बिना गोल्ड पेरिस से लौटा भारत

6 पदक ही जीत पाए



कमाल कर लहरा दिया तिरंगा

Website: nationalsportstimes.org स्पोर्ट्स वेब पोर्टल

आरएनआई नंबरः 69917/94 डाक पंजीयन म.प्र. / भोपाल / 607 / 2024-26 /1 तारीख को प्रकाशित / डाक पोस्टिंग 5 तारीख

Email: nationalsportstimes@yahoo.com, nationalsportstimes@gmail.com

## संपादकीय मंडल

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | : | इन्द्रजीत मौर्य |
| कार्यकारी संपादक | : | सुरेश कुमार |
| प्रबंधक | : | निखिल कुमार |
| विज्ञापन प्रबंधक | : | अजय मौर्य |
| विज्ञापन सहायक | : | रामेश्वर भार्गव |
| डिजाइनिंग | : | सुरेन्द्र डहारे |
| छायाकार | : | निर्मल व्यास |
| कार्टूनिस्ट | : | वीरेंद्र कुमार ओगले |

## सलाहकार संपादक

- अरुणेश्वर सिंहदेव
- समीर मिरीकर
- अरुण भगोलीवाल
- सुशील सिंह ठाकुर
- आशीष पाण्डे
- राजीव सक्सेना
- शांति कुमार जैन
- शंकर मूर्ति

## विशेष संवाददाता / समीक्षक

अरुण अर्णव, अनिल वर्मा, हरेंद्र नागेश साहू, हरीश हर्ष, चरनपालसिंह सोबती, वीरेन्द्र शुक्ल, सरिता अरगरे, मोहन द्विवेदी, मो. ईशाउद्दीन, धर्मेश यशलाहा, दामोदर आर्य, डॉ. मुनीष राणा, प्रशांत सेंगर, सुदेश सांगते, डॉ. प्रशांत मिश्रा, विजय रांगणेकर, संजय बेनर्जी, अमरनाथ, मो. अफरोज।

## संपादकीय कार्यालय

बी-10, छत्रपति नगर, अयोध्या बायपास, भोपाल
फोन : 0755-4218892,
मोबाइलः 094250-25727, 8349994166

**पंजीयन कार्यालय :** ई-197, ओल्ड मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, भोपाल, मप्र-462023,

E-Mail: nationalsportstimes@Yahoo.com
nationalsportstimes@gmail.com

फोटो स्रोतः इंटरनेट, सोशल मीडिया, अखबार एवं ब्यूरो कार्यालय

## ब्यूरो कार्यालय

इंदौर, उज्जैन, नागदा, देवास, सीहोर, विदिशा, रायसेन, बुरहानपुर, धार, जबलपुर, ग्वालियर, दतिया, रीवा, सतना, खण्डवा, खरगोन, शहडोल, छिंदवाड़ा, सागर, छतरपुर, होशंगाबाद, बैतूल, इटारसी, रतलाम, शिवपुरी, ललितपुर, झाँसी, नागपुर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, मुंबई, रत्नागिरी, कोलहापुर, पूना, जलगाँव, दिल्ली, नोएडा, हरियाणा, लुधियाना, जालंधर, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, गोरखपुर, मिर्जापुर, जयपुर, पटना, नैनीताल, देहरादून, कुमाऊ, गाजियाबाद, एंगुल (उड़ीसा), ऊना, शिमला, भुवनेश्वर।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक इन्द्रजीत मौर्य द्वारा सुलेख आफसेट प्लाट नं. 150, एल-5, मनोरमा काम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल से मुद्रित तथा ई-197, मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, राज होम्स कॉलोनी, भोपाल से प्रकाशित। संपादक इन्द्रजीत मौर्य।

खेल पत्रिका में प्रकाशित लेखों की जिम्मेदारी लेखक की है। प्रकाशक एवं संपादक का लेखक से सहमत होना अनिवार्य नहीं है। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।



13 अलविदा पेरिस

# 4 साल बाद लॉस एंजेलिस में मिलेंगे

## अंदर के पन्नों पर

| | |
|---|---|
| एथलेटिक्स में समय और घटा | 16 |
| पेरिस में भारत के पदकवीर | 18-29 |
| और हम सुपर पावर बन गए! | 30 |
| पेरिस में टीम इंडिया की बैलेंसशीट | 31 |
| फोगाट ही जानें फोकट में पदक... | 37 |
| पेरिस के पांच चर्चित विवाद | 39 |
| बैडमिंटन बड़ी उम्मीद थी, लेकिन... | 41 |
| टूटते बनते कीर्तिमानों की दास्तान | 46-50 |
| ध्रुव तारा- नीरज चोपड़ा | 51 |
| पैरालंपिक विशेष रिपोर्ट | 53-55 |
| भारत-श्रीलंका टी20 / वनडे सीरिज | 57 |
| खेल छत्तीसगढ़ | 63-64 |

देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका
नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स
आज ही अपनी प्रति बुक कराएं...







नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स
घर बैठे कैसे पाएं
आपको सिर्फ इतना करना है कि आप इस कूपन को भरकर भेजें और नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स खुद चलकर आपके घर दस्तक देगा।

मैं ................................... नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स का वार्षिक सदस्य बनना चाहता/चाहती हूं। वार्षिक शुल्क 300 रुपए, दो वर्ष के लिए 600 रुपए (50 रुपए की छूट), तीन वर्ष के लिए 900 रुपए (80 रुपए की छूट), पांच वर्ष के लिए 1500 रुपए (100 रुपए की छूट) एवं आजीवन सदस्यता 15,000 रुपए मनीआर्डर या नगद ................ से भेज रहा हूं।

पूरा पता ..................................................................
..................................................................
मो. ........................ ईमेल......................................

नोटः *मनीऑर्डर या नगद राशि नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स के नाम से भेजें। *आपकी सदस्यता राशि प्राप्त होने के अगले माह से पत्रिका के अंक नियमित रूप से भिजवाए जाएंगे। *पत्रिका केवल डाक द्वारा ही भेजी जाएगी। *किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय होगा।

पत्रिका प्राप्त करने के लिए इस पते पर संपर्क करें: ई-197, ओल्ड मीनाल रेसीडेंस, जेके रोड, भोपाल-462023 (मप्र)
E-Mail: nationalsportstimes@yahoo.com
nationalsportstimes@gmail.com
फोनः 0755-4218892, मोबाइलः 09425025727

# पेरिस के बाद अब लॉस एंजेलिस से बड़ी उम्मीदें



इन्द्रजीत मौर्य
प्रधान संपादक

26 जुलाई से 11 अगस्त कुल 17 दिन चले पेरिस ओलिंपिक खेलों का समापन अमेरिका-चीन की बादशाहत के साथ संपन्न हो गया। इन खेलों में भाग लेने वाले दुनिया भर के खिलाड़ियों ने विदाई लेते हुए खेले प्रेमियों से वादा किया कि साल 2028 में अब लांस एंजेलिस (अमेरिका) में पूरे जोश और जज्बे के साथ मिलेंगे। अगले ओलिंपिक खेल 14 से 30 जुलाई-2028 तक होंगे जिसकी मेजबानी एक बार फिर अमेरिका करने जा रहा हैं। इससे पहले यहां 1932 व 198 4 में ओलिंपिक खेल हो चुके हैं। हाल ही में पेरिस ओलिंपिक देखने गए दुनिया भर के एथलीटों और खेल प्रेमियों को लॉस एंजेलिस से काफी बड़ी उम्मीदें हैं। इन खेलों में पुरुष व महिला फ्लैग फुटबॉल 2028 से ओलिंपिक डेब्यू करेगा। स्क्वैश भी 2028 में आधिकारिक खेल के रूप में अपनी शुरुआत करेगा। टोक्यो के बाद बेसबॉल और सॉफ्टबॉल की वापसी होगी। क्रिकेट और लैक्रोस एक सदी से भी ज्यादा समय बाद वापस आएंगे। क्रिकेट आखिरी बार 1900 व लैक्रोस 1908 में खेला गया था। साल 2028 में होने वाले इस ओलंपिक खेल में 5 नए खेलों को एंट्री मिली है, जिसमें क्रिकेट भी एक है।

ओलंपिक खेलों में क्रिकेट के जुड़ जाने से भारत के पुरुष और महिला इवेंट मिलाकर दो और मेडल जीतने के चांसेज बढ़ गए हैं। लेकिन, इंग्लैंड की टीम को लेकर खबर है कि वो लॉस एंजेलिस ओलंपिक में खेलती नहीं दिख सकती है। सवाल है ऐसा क्यों? इसके पीछे की वजह ओलंपिक खेलों में इस देश की भागीदारी से जुड़ी बताई जा रही है। दरअसल, ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेने वाले देशों में इंग्लैंड का स्थान ही नहीं है। इंग्लैंड के खिलाड़ी वहां खेलते जरूर हैं, लेकिन वो नुमाइंदगी ग्रेट ब्रिटेन की करते हैं। इसका मतलब है कि इंग्लैंड के क्रिकेटर्स भी वहां खेलेंगे लेकिन ग्रेट ब्रिटेन के नाम से। अब अगर ग्रेट ब्रिटेन की क्रिकेट टीम लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेती है तो जाहिर है कि उसमें सिर्फ इंग्लैंड के क्रिकेटर ही नहीं होंगे। बल्कि वो स्कॉटलैंड टीम के खिलाड़ियों के साथ भी मेडल के लिए कंधे से कंधा मिलाकर फील्ड पर उतरते दिखेंगे। या ऐसा भी हो सकता है कि सिर्फ इंग्लैंड के ही क्रिकेटर लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों के लिए चुनी गई टीम का हिस्सा बनें। पर वो नुमाइंदगी ग्रेट ब्रिटेन की करेंगे। मतलब टीम का नाम इंग्लैंड क्रिकेट टीम ना होकर ग्रेट ब्रिटेन क्रिकेट टीम हो सकता है। लॉस एंजेलिस ओलंपिक का उद्घाटन 14 जुलाई 2028 को होगा और ठीक दो हफ्ते बाद समापन 30 जुलाई को होगा। जबकि पैरालंपिक खेलों का उद्घाटन समारोह 15 अगस्त को होगा और समापन 27 अगस्त को। कुल मिलाकर, ओलंपिक 2028 में 800 इवेंट्स में 50 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों का आयोजन होगा।

ओलंपिक खेलों के होस्ट सिटी के मामले में लॉस एंजेलिस के पास यह तीसरा अवसर होगा जब यहाँ ओलंपिक का आयोजन होगा। इससे उत्साहित आयोजनकर्ताओं का मानना है कि पहले ओलंपिक खेलों की दो बार मेजबानी कर चुके शहर लॉस एंजेलिस को किसी भी नए परमानेंट स्ट्रक्चर के निर्माण की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। पिछले दो ओलंपिक में एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं के लिए इस्तेमाल में लाए गए लॉस एंजेलिस मेमोरियल कॉलेसियम और फुटबॉल टीम लॉस एंजेलिस गैलेक्सी के स्टेडियम जैसी दर्जनों पुरानी जगहों को 2028 के ओलंपिक में इवेंट्स के लिए चिन्हित किया गया है। नारियल के पेड़ों वाले समुद्री किनारों के लिए प्रसिद्ध लॉस एंजेलिस में शायद बीच वॉलीबॉल गेम का आयोजन एक वास्तविक बीच पर होगा जो पेरिस में इस बार संभव नहीं हो पाया था.लेकिन कुछ ऐसी भी जगहें हैं जिन्हें खेलों के अनुकूल बनाए जाने की ज़रूरत पड़ेगी। उदाहरण के लिए, इंगलवूड के सबअर्ब में सोफ़ी स्टेडियम को तैराकी की प्रतियोगिताओं के लिए इस्तेमाल करने के लिए यहाँ एक शानदार ओलंपिक पूल भी बनाया जाएगा। कैलिफोर्निया और लॉस एंजेलिस विश्वविद्यालयों में छात्रों के रहने वाले हॉस्टल को एथलीट विलेज के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा जहां खिलाड़ियों को ट्रेनिंग की सुविधा दी जाएगी। अब देखने वाली बात यह रहेगी की 2017 में 2028 के खेलों के लिए मेजबानी का दावा जीतने के बाद जो वादा लॉस एंजेलिस ने किया था वो पूरा हो पाता है या नहीं। तब लॉस एंजेलिस ने 2028 के खेलों को कार-फ्री खेल बनाने का वादा किया था। ओलंपिक के पारंपरिक खेलों के अलावा लॉस एंजेलिस के ओलंपिक में कुछ नए खेलों के साथ-साथ कुछ उन पुराने खेलों को भी फिर से शामिल किया जाएगा जो पिछले कुछ खेलों में नहीं दिखे थे।

1900 के बाद फिर से पहली बार क्रिकेट लॉस एंजेलिस के ओलंपिक में ही खेला जाएगा। इसमें हमें टी20 फॉर्मेट के क्रिकेट मैच भी देखने को मिल सकते हैं। लैक्रोस भी लॉस एंजेलिस में वापसी करेगा। उत्तरी अमेरिका में खेले जाने वाले सबसे पुराने खेलों में से एक होने के बावजूद, लैक्रोस एक सदी से भी अधिक समय से ओलंपिक में नहीं खेला गया है। 2028 में इस खेल का एक नया फॉर्मेट पेश किया जाएगा, जिसमें छह टीमें अपनी लैक्रोस स्टिक का उपयोग करके एक गेंद को गोल में फायर करते देखी जाएंगी। 2024 के पेरिस ओलंपिक में छोड़े गए बेसबॉल/सॉफ्टबॉल गेम भी 2028 के ओलंपिक में वापसी करेंगे। इसे महिला और पुरुष दोनों खेलते हैं। कई सालों के कैम्पेन के बाद स्क्वाश लॉस एंजेलिस ओलंपिक में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज करेगा। इसी तरह फ्लैग फुटबॉल भी लॉस एंजेलिस ओलंपिक में ही पहली बार शामिल होगा। ब्रिटिश अमेरिकन फुटबॉल एसोसिएशन के अनुसार ब्रिटेन में यह एक तेज़ी से लोकप्रिय होता हुआ खेल है। यह अमेरिकन फुटबॉल ग्रिडिरोन का एक नो-कान्टैक्ट वर्जन का एक खेल है जो छोटी टीमों के साथ एक छोटी पिच पर खेला जाता है।

लॉस एंजेलिस में पैरालंपिक खेलों में भी कुछ नए खेल जोड़े जाएंगे। इसमें एथलीट को हैंड होल्ड्स का इस्तेमाल कर 15 मीटर की दीवार चढ़ना होता है। सर्फिंग, स्केटबोर्डिंग और स्पोर्ट क्लाइम्बिंग समेत वो अन्य खेल जो हाल फ़िलहाल में ओलंपिक खेलों में जोड़े गए वो भी जारी रहेंगे। एक खेल ब्रेक डांस जिसे इस बार के ओलंपिक में शामिल किया गया था उसे लॉस एंजेलिस में शामिल नहीं किया गया है। चूंकि इस तरह के स्ट्रीट डांस अमेरिका में काफी लोकप्रिय हैं इसलिए इस फैसले के कारण कुछ लोगों में निराशा भी है। लॉस एंजेलिस में आखिरी बार ओलंपिक 1984 में हुए थे। व्यवसायीकरण और सुरक्षा मुद्दों को लेकर शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ ने खेलों का बहिष्कार किया था। ग्रेट ब्रिटेन ने लॉस एंजेलिस में हुए 1984 के ओलंपिक में पांच मेडल जीते थे। कार्ल लूइस लॉस एंजेलिस 1984 ओलंपिक में स्टार खिलाड़ी बनकर उभरे थे। उन्होंने 100 और 200 मीटर रेस और 4x100 मीटर रिले इवेंट में गोल्ड जीता था। मेडल टेली में अमेरिका का दबदबा था। साथ ही लॉस एंजेलिस ओलंपिक 1984 काफी मामलों में ऐतिहासिक भी रहा था। इसमें सबसे पहली बार महिला मैराथन हुई थी। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या लॉस एजेंसिल पेरिस से बेहतर ओलंपिक आयोजन कर पाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि फिल्म सिटी और ट्रॉफिक जैसी कई समस्याएं लॉस एजेंलिस के लिए पेरशानी का कारण बन सकती है।